रजिस्ट्री सं. डीएल--33001/94

REGISTERED NO. DL--33001/94

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 45] नई दिल्ली, शनिवार, नवम्बर 5, 1994 (कार्तिक 14, 1916)

No. 45] NEW DELHI, SATURDAY, NOVEMBER 5, 1994 (KARTIKA 14, 1916)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग I—खण्ड 2

[PART I—SECTION 2]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राज्य सभा सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 अक्तूबर 1994

सं. आर. एस./2(1)/94-कार्मिक--राज्य सभा के सभापति ने राज्य सभा सचिवालय में विधायी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/न्यायार अधिकारी के संवर्ग में अधिकारी श्री दीपक गोयल को आगामी आदेशों तक 1 अक्तूबर, 1994 के पूर्वाह्न से इस सचिवालय में अवर सचिव/वेतन और लेखा अधिकारी के संवर्ग में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करने की कृपा की है ।

2. राज्य सभा के सभापति ने राज्य सभा सचिवालय में निम्नलिखित वरिष्ठ सहायकों को आगामी आदेशों तक 13 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से इस सचिवालय में विधायी अधिकारी/अधिशासी अधिकारी/समिति अधिकारी/न्यायार अधिकारी के संवर्ग में स्थानापन्न रूप से कार्य करने के लिए नियुक्त करने की कृपा की है :—

1. श्री सुरेन्द्र कुमार
2. श्री सरेश कुमार
3. उपर्युक्त नियुक्तियां रिट याचिका सं. 3025/88 के अन्तिम रूप से निपटारे के समय दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेशों के अध्यधीन होंगी ।

बनजा एन. सरना, निदेशक

लोक सभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 27 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ.-651(3)/ए एल.-1/जी. एस.-2637/94--इस सचिवालय की दिनांक 30 जून, 1994 की अधिसूचना संख्या पी. एफ.-651(3)/ए. एल.-1/जी. एस.-2595/91 के क्रम में अध्यक्ष, संसदीय सचिव के रूप में श्री एस. सी. गुप्ता की सेवाएं 1 अक्तूबर, 1994 से 31 दिसम्बर, 1994 तक तीन महीने की अवधि के लिए और आगे बढ़ाते हैं ।

ज. आर. सी. भारद्वाज, महासचिव

सं. पी. एफ.-550(3)/ए. एन.-1/जी एन.-2638/94—इस सचिवालय की दिनांक 30 जून, 1994 की अधिसूचना संख्या पी. एफ.-550(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2594/94 के क्रम में अध्यक्ष, संयुक्त सचिव के रूप में श्री मुरारी लाल की सेवाएं 1 अक्तूबर, 1994 से 31 दिसम्बर, 1994 तक तीन महीने की अवधि के लिए और आगे बढ़ाते हैं ।

डा. आर. सी. भारद्वाज, महासचिव

सं. पी. एफ.-2830(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2639/94—इस सचिवालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर निदेशक, श्री वी. एन. गौड़, आई.ए.एस. (एन. जी. : 78) की, दिनांक 28 जनवरी, 1994 की अधिसूचना संख्या ए.पी.ए.-3/4/71-ए. आई. एस./(पी. टी.) द्वारा अपने मूल संवर्ग में अतिकाल वेतनमान में पदोन्नति हो जाने पर अध्यक्ष यह अनमोदित करते हैं कि श्री गौड़ 22 सितम्बर, 1994 (मध्याह्न पूर्व) से अगले आदेशों तक संयुक्त सचिव का कार्य निष्पादन करेंगे ।

डा. आर. सी. भारद्वाज, महासचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 9 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ.-1047(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2629/94—इस सचिवालय की दिनांक 16 फरवरी, 1994 की अधिसूचना संख्या पी. एफ.-1047(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2535/94 के क्रम में श्री श्याम लाल भरेजा, अगले आदेशों तक मुद्रण प्रबंधक के रूप में कार्य करते रहेंगे ।

वी. एन. गौड़, संयुक्त सचिव

दिनांक 29 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ.-788(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2640/94—इस सचिवालय की दिनांक 6 सितम्बर, 1993 की अधिसूचना संख्या पी. एफ.-788(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2443/93 के क्रम में अध्यक्ष, अपर सचिव के रूप में डा. आर. सी. भारद्वाज की सेवायें 1 अक्तूबर, 1994 से 31 मार्च, 1995 तक छः महीने की अवधि के लिए और आगे बढ़ाते हैं ।

डा. आर. सी. भारद्वाज महासचिव का कार्य निष्पादन करते रहेंगे ।

वी. एन. गौड़, संयुक्त सचिव

दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ.-1508(3)/ए. एन.-1/जी. एन.-2641/94—अध्यक्ष, 3950-5000 रुपए के वेतनमान में कार्य कर रहे संयुक्त निदेशक, श्री जान जोसफ, को 4500-150-5700 रुपए के वेतनमान में निदेशक के पद पर 29 सितम्बर, 1994 से 31 मार्च, 1995 तक की अवधि के लिए स्थानापन्न रूप में नियुक्त करते हैं ।

वी. एन. गौड़, संयुक्त सचिव

इलेक्ट्रानिकी विभाग

नई दिल्ली-110003, दिनांक 23 सितम्बर 1994

सं. 2(05)/92-का.-1 (खण्ड-2)—राष्ट्रपति जी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (गुजरात : 84) के अधिकारी श्री पी. के. तनेजा को इलेक्ट्रानिकी विभाग में दिनांक 8-9-94 के पूर्वाह्न से 4 वर्ष की अवधि के लिए अगला आदेश होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, 3950-125-4700-150-5000/- रुपए के वेतनमान में उप-सचिव नियुक्त किया है ।

मोहम्मद इदरीस सिद्दीकी, उप-निदेशक

योजना तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 26 सितम्बर 1994

सं. 12016/1/94—राष्ट्रपति भारतीय सांख्यिकीय सेवा के अधिकारी श्री वास्कर साहा को 11 फरवरी, 1994 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक 5900-6700 रु. के वेतनमान में सेवा के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

2. श्री वास्कर साहा की नियुक्ति केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण, दिल्ली पीठ में ओ. ए. संख्या 1216/90-डा. एस. एस. श्रीवास्तव बनाम भारत संघ तथा अन्यों के मामले में लिए जाने वाले अंतिम निर्णय पर निर्भर करती है ।

के. एन. सिंह, उप सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 21 सितम्बर 1994

सं. ए-19012/3/94-प्रशा.-1—गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के दिनांक 22 अगस्त, 1994 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 5/3/94-रा. भा. (सेवा) के अनुसरण में, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक श्री ईश्वर सिंह को 1-9-1994 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक सांख्यिकी विभाग में 2000-3500 रु. के वेतनमान में सहायक निदेशक (रा. भा.) के रूप में नियुक्त किया जाता है ।

पी. के. तिवारी, अवर सचिव

दिनांक 27 सितम्बर 1994

सं. 12018/4/93-भा. सां. से.—कृषि तथा सहकारिता विभाग के मृदा तथा जल संरक्षण प्रभाग में संयुक्त निदेशक के रूप में कार्य कर रहे भारतीय सांख्यिकीय सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड अधिकारी श्री आर. आर. सिंह का 6-8-1994 को निधन हो गया ।

पी. के. तिवारी, अवर सचिव

दिनांक 29 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ.-282/प्रशा.-1—श्री ए. के. भटनागर, संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली 30-9-1994 के अपराह्न से सरकारी सेवा से निवृत्त हो जाएंगे ।

पी. के. तिवारी, अवर सचिव

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन

(क्षेत्र संकार्य प्रभाग)

नई दिल्ली-62, दिनांक 1 अक्तूबर 1994

सं. ए-19012/10/92-स्थापना-1—सांख्यिकी विभाग के अधीन क्षेत्र संकार्य प्रभाग, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के अधिकारी श्री के. एम. महाजन, अधीक्षक, जलंधर अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर 30-8-94 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए ।

एफ. तिग्गा, प्रशासनिक अधिकारी

योजना आयोग

नई दिल्ली, दिनांक 29 जून 1994

सं. ए-19(620)/91-प्रशा.-2—अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-3 अधिकारी तथा योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी श्री एल. एम. भट्ट, 30-6-1994 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त किए जाते हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 19 जुलाई 1994

सं. ए-43014/3/90-प्रशा.-2—आर्थिक कार्य विभाग के दिनांक 20 जून, 1994 के आदेश सं. 13011/2/91-आई.ई.एस. के तहत तदर्थ आधार पर भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-4 में उनकी प्रोन्नति तथा योजना आयोग में तैनाती के परिणामस्वरूप श्री जिले सिंह दिशोदिया ने 8 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से 2200-75-2800-द. रो.-100-4000 रु. के वेतनमान में एक वर्ष की अवधि के लिए योजना आयोग में अनुसंधान अधिकारी के पद का कार्यभार संभाल लिया है ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

दिनांक 30 अगस्त 1994

सं. ए-19(617)/91-प्रशा.-2—अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-3 अधिकारी तथा योजना आयोग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी श्री जे. पी. सेमवाल, 31-8-94 (अपराह्न) से सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त किए जाते हैं ।

दिवान चन्द, अवर सचिव

नई दिल्ली-110001, दिनांक 12 सितम्बर 1994

सं. ए-12022/2/93-प्रशा.-3—राष्ट्रपति योजना आयोग की केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के ग्रेड-"सी" आशुलिपिक श्री आर. के मल्होत्रा को तदर्थ आधार पर 1-9-1994 से 31-10-1994 तक अथवा 2000-60-2300-द. रो.-75-3200-100-3500 रुपये के वेतनमान में नियमित अधिकारी के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, योजना आयोग की केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग में निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं ।

2. यह तदर्थ नियुक्ति अधिकारी को नियमित नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं प्रदान करेगी तथा तदर्थ आधार पर उनके द्वारा की गई सेवाओं की गणना केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के निजी सचिव के रूप में वरिष्ठता के लिए और अगले उच्चतर ग्रेड में प्रोन्नति की पात्रता के लिए नहीं की जायेगी ।

सुरेश पाल, अवर सचिव

दिनांक 22 सितम्बर 1994

सं. ए-32014/1/85-प्रशा.-2—योजना आयोग के सदस्य सचिव (डा. ए. के. सेन गुप्ता) के निजी सचिव के रूप में प्रतिनियुक्ति से प्रत्यावर्तन होने पर, केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपि सेवा संवर्ग के निजी सचिव श्री डी. ती. सेठ को 19 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के निजी सचिव के रूप में योजना आयोग की संख्या में शामिल किया जाता है ।

सुरेश पाल, अवर सचिव

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय

विधायी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. ए-12025/1/94-वि.सा.प्र. (प्रशा.)—राष्ट्रपति, विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय, विधायी विभाग के विधि साहित्य प्रकाशन में स्थायी अधीक्षक (मुद्रण), श्री सुभाष चन्द्र को तारीख 28 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक, उक्त विभाग के विधि साहित्य प्रकाशन में अस्थायी प्रकाशन-सह-विक्रय प्रबंधक नियुक्त करते हैं । वह दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे ।

बाबू लाल, उप सचिव

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 28 जुलाई 1994

सं. पी. एफ. जी. (446)/84-प्रशा.-2—केन्द्रीय कंपनी विधि सेवा के अधिकारी, श्री नौबत सिंह, ग्रेड-4 (लेखा शाखा) का स्थानान्तरण किए जाने पर, उन्होंने कम्पनी रजिस्ट्रार, दिल्ली और हरियाणा के कार्यालय में, 31 मई, 1994 के अपराह्न से सहायक कम्पनी रजिस्ट्रार के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

2. केन्द्रीय सरकार ने उक्त सेवा के अधिकारी श्री नौवत सिंह, ग्रेड-4 (लेखा शाखा) को प्रादेशिक निदेशक, कम्पनी कार्य विभाग, कानपुर के कार्यालय में 11 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक स्थानापन्न लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

दिनांक 19 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ. जी. (465)/86-प्रशा.-2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 448 की उपधारा (1)(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने श्री बी. के. राव को उच्च न्यायालय आंध्र प्रदेश, हैदराबाद में शासकीय समापक के कार्यालय में 29 जुलाई, 1994 के अपराह्न से अगला आदेश होने तक स्थानापन्न शासकीय समापक के रूप में नियुक्त किया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

सं. पी. एफ. जी. (525)/93-प्रशा -2—केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारी, श्री दिनेश चन्द्र कुमार के ग्रेड-4 (लेखा शाखा) में नियुक्त किए जाने पर, उन्होंने 10 जून, 1994 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक प्रादेशिक निदेशक, कम्पनी कार्य विभाग, बम्बई के कार्यालय में सहायक निरीक्षण अधिकारी के पद का कार्यभार सम्भाल लिया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

दिनांक 20 सितम्बर 1994

सं. पी. एफ. जी. (355)/77-प्रशा -2—केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारी श्री एस. आर. वी. वी. सत्यनारायण, ग्रेड-4 (विधि शाखा) को ग्रेड-3 (विधि शाखा) में पदोन्नत किए जाने पर, उन्होंने कम्पनी रजिस्ट्रार बम्बई के कार्यालय में 19 मई, 1993 के पूर्वाह्न से सहायक कम्पनी रजिस्ट्रार के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

2. कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 609 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने उक्त सेवा के ग्रेड-3 (विधि शाखा) अधिकारी, एस. आर. वी. वी. सत्यनारायण को कम्पनी रजिस्ट्रार, बम्बई के कार्यालय में 19 मई, 1993 के पूर्वाह्न से अगले आदेश होने तक स्थानापन्न अतिरिक्त कम्पनी रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

सं. पी. एफ. जी. (355)/77-प्रशा.-2—केन्द्रीय कम्पनी विधि सेवा के अधिकारी श्री एस. आर. वी. वी. सत्यनारायण, ग्रेड-4 (विधि शाखा) का स्थानान्तरण किये जाने पर, उन्होंने प्रादेशिक निदेशक कम्पनी कार्य विभाग, बम्बई के कार्यालय में 31 जुलाई, 1992 के अपराह्न से सहायक निरीक्षण अधिकारी के पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

2. कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 609 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार ने उक्त सेवा के ग्रेड-3 (विधि शाखा) अधिकारी, श्री एस. आर. वी. वी. सत्यनारायण को कम्पनी रजिस्ट्रार, बम्बई के कार्यालय में 31 जुलाई, 1992 के अपराह्न से अगला आदेश होने तक स्थानापन्न सहायक रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त किया है ।

उमेश कुमार, अवर सचिव

संसदीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 14 सितम्बर 1994

सं. स. 3(20)/93-प्रशासन—राष्ट्रपति, संघ लोक सेवा आयोग में सचिव सिंडी सचिव, श्री टी. आर. शर्मा को दिनांक 12-9-1994 (पूर्वाह्न) से 31-3-1995 तक प्रतिनियुक्ति के आधार पर सचिव संसदीय कार्य मंत्रालय के प्रधान निजी सचिव के पद पर नियुक्त करते हैं ।

यह नियुक्ति दिल्ली स्थापना के कार्यालय ज्ञापन संख्या सं. 1(2)ई-3(बी)/75 दिनांक 7 नवम्बर 1975 के द्वारा विनियमित की जाएगी ।

श्रीमती रवीश सरदाना, अवर सचिव (प्रशासन)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 26 सितम्बर 1994

सं. 14010/38/94-ए. टी. एस.—संविधान के अनुच्छेद 239 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति एतद्द्वारा श्री के. एम. चीमा, आई. ए. एस. (ए. जी. एम. यू. 76) को अरुणाचल संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक के पद पर 9 सितम्बर 1994 से आगामी आदेशों तक नियुक्त करते हैं ।

जलज श्रीवास्तव, उपसचिव

नई दिल्ली, दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. 1-45014/3/94-आई. पी एस -1—उत्तर प्रदेश सरकार की भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी श्री सत्यव्रत बंसल पुत्र श्री हरीश चन्द्र बंसल को अब से आगे सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए श्री सत्यव्रत के नाम से जाना और पहचाना जाएगा ।

पी. एस. पिल्लै, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर 1994

सं० ए० 32014/1/94-प्रशा० 1(क)—राष्ट्रपति गृह मंत्रालय के केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा संवर्ग के निम्नलिखित निजी सचिवों को प्रत्येक के समक्ष उल्लिखित अवधि के लिए अथवा पैनल में सम्मिलित अधिकारियों के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो, उस अवधि के लिए पूर्णतः तदर्थ आधार पर उनके नामों के सामने दर्शाए गए विभागों/कार्यालयों में प्रधान निजी सचिव (3000-4500) के पद पर नियुक्त करते हैं :—

क्र० सं०	अधिकारी का नाम	अवधि		विभाग/कार्यालय
		से	तक	
	सर्वश्री			
1.	पी० नागराजन	23-5-94 (पूर्वा०)	22-8-94	प्रशा० सुधार एवं लोक शिकायत विभाग
2.	जे० पी० जुनेजा	24-5-94 (अप०)	24-8-94	एम० पी० आई०
3.	एस० दुरईस्वामी	7-7-94 (पूर्वा०)	30-9-94*	का० एवं प्र० विभाग
4.	पदम सिंह संगानिया	23-5-94 (पूर्वा०)	22-8-94	प्रधानमंत्री कार्यालय
5.	वी० के० जौली	8-7-94 (पूर्वा०)	7-9-94	मंत्रि० सचि० (रा० भ०)
6.	चमन लाल	6-9-94 (पूर्वा०)	31-10-94	मंत्रि० सचि० (जे० आई० सी०)

*सेवानिवृत्ति

एम० पी० गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर 1994

सं. ए.-32014/15/94-प्रशा.-1(क)—के. स. आ. से. के निजी सचिव ग्रेड (प्रधान निजी सचिव के रूप में पदनामित) की वर्ष 1992 की चयन सूची में 3000-4500/- रुपए के वेतनमान में, उनका नाम शामिल होने और गृह मंत्रालय में उनका नामांकन होने के परिणामस्वरूप राष्ट्रपति, इस समय प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न रूप में प्रधान निजी सचिव के पद पर कार्यरत गृह मंत्रालय के के. स. आ. से. संवर्ग के ए और बी मिश्रित ग्रेड के आशुलिपिक श्री पी. नागराजन को 16 सितम्बर, 1994 से नियमित प्रधान निजी सचिव नियुक्त करते हैं ।

2. उनकी नियमित नियुक्ति केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष श्री एन. वी. वी. शास्त्री बनाम भारत संघ (ओ. ए. सं. 765/89) और श्री आर. पद्मनाभन बनाम भारत संघ (ओ. ए. सं. 1205/89) के मामलों में अंतिम निर्णय की अध्यधीन होगी ।

एस. पी. गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 4 अक्तूबर 1994

सं० 32014/13/94-प्रशा०-1(क)—गृह मंत्रालय के संवर्ग में वरिष्ठता कोटा के प्रति वर्ष 1993 के लिए केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के सम्मिलित ग्रेड "क" और "ख" (निजी सचिवों से पुनः पदनामित) की चयन सूची में गृह मंत्रालय के के० सं० आ० सेवा संवर्ग के निम्नलिखित अधिकारियों जो इस समय उनके नाम के सामने दिए गए विभाग/कार्यालय में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न निजी सचिव हैं, के नाम शामिल किए जाने के फलस्वरूप, राष्ट्रपति उन्हें 22 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक नियमित चयन सूची निजी सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	अधिकारी का नाम	वर्तमान तैनाती
1	2	3
	सर्वश्री/श्रीमती	
1.	ए० के० चोपड़ा	गृह मंत्रालय (मु०) गृह सचिव का कार्यालय
2.	इन्दु मसन्द	गृह मंत्रालय (मु०) निदेशक ओ० एण्ड एम० कार्यालय
3.	एम० आर० दुबे	गृह मंत्रालय/राजभाषा विभाग
4.	वी० के० नथानी	प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग
5.	एन० एल० कपूर	गृह मं० (मु०) निदेशक एफ० एफ०-1 कार्यालय
6.	समीर दास	कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग

1	2	3
	सर्वश्री/श्रीमती	
7.	आर० के० पिपलानी	कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग
8.	के० आर० दुआ	गृह मं० (मु०) सं० सचिव (के) का कार्यालय
9.	वीणा खन्ना	कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग
10.	डी० पी० भाटिया	सांख्यिकी विभाग
11.	जे० आर० सेंखंडी	गृह मंत्रालय (मु०) एस० एस० (एफ० एफ० आर०) का कार्यालय
12.	मोहन सिंह	गृह मंत्रालय (मु०) निदेशक (रा० भा०) का कार्यालय
13.	साधना वास्वनी	कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग
14.	एस० कुमार (एस० सी०)	मंत्रिमंडल सचिवालय (राष्ट्रपति भवन)

एस० पी० गुप्ता, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 3 अक्तूबर 1994

सं. 20/जी/2109-प्रशा. 1 (क)—राष्ट्रपति, श्री प्रदीप सचन, भा.प्र.से. (राजस्थान : 82) को दिनांक 30 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेशों तक गृह मंत्रालय में उप सचिव के रूप में नियुक्त करते हैं ।

गुरबचन सिंह, निदेशक

राजभाषा विभाग

नई दिल्ली-3, दिनांक 22 सितम्बर 1994

सं. 12013/1/93-रा.भा.(ख-1)—राष्ट्रपति, सहर्ष श्री सोम दत्त शर्मा को गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय में दिनांक 1-9-1994 (पूर्वाह्न) से तीन वर्ष अथवा अगले आदेशों तक इन दोनों में जो भी पहले हो, तब तक की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर सहायक निदेशक (कार्यान्वयन) नियुक्त करते हैं ।

पी. के. जैन, अवर सचिव

समन्वय निदेशालय (पुलिस बेतार)

नई दिल्ली-110003, दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. ए. 15012/2/92-प्रशा.-1—लोक सभा सचिवालय की दिनांक 17 अगस्त, 1994 की अधिसूचना सं. पी.एफ. 2825 (3)/ए एन-1/जी एन-2620/94 के तहत प्रत्यावर्तन होने के फलस्वरूप श्री एन. डी. शर्मा, सहायक निदेशक को 31 अगस्त, 1994 के अपराह्न से इस निदेशालय की नफरी पर ले लिया गया है ।

आर. के. पंडित, निदेशक
पुलिस दूरसंचार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. 13017/35/94-अ.भा.से. (1)—केन्द्रीय सरकार, भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 6 के अधीन और मध्य प्रदेश तथा मणिपुर-त्रिपुरा संयुक्त संवर्ग की सहमति से मध्य प्रदेश संवर्ग के श्री के. के. सेठी, भा.प्र.से. (आर. आर. : 63) को मणिपुर सरकार में मुख्य सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए, अगले आदेश तक, प्रतिनियुक्त करती है । यह प्रतिनियुक्ति श्री के. के. सेठी द्वारा मणिपुर सरकार में मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण करने की तारीख से लागू होगी ।

एम. एन. विद्याशंकर, उप सचिव

सं. 14012/14/93-अ.भा.से. (3)—राष्ट्रपति, भारतीय प्रशासनिक सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के बिहार संवर्ग के निम्नलिखित सदस्यों को प्रत्येक के सामने उल्लिखित तारीख से भारतीय प्रशासनिक सेवा में स्थायी करते हैं :—

सर्वश्री/श्रीमती

1. श्रीमती बन्दना कुलश्रेष्ठ—21-8-91
2. अमृत लाल मीना—21-8-91
3. संजय कुमार—20-8-92
4. चैतन्य प्रसाद—20-8-92
5. केशव कुमार पाठक—20-8-92
6. मुखजीत सिंह भाटिया—20-8-92
7. श्रीमती आरती आहूजा—10-12-92
8. सुधीर कुमार जी. रहाटे—20-8-92

एम. एन. विद्याशंकर, उप सचिव

दिनांक 3 अक्तूबर 1994

सं. 14012/19/93-अ.भा.से. (3)—राष्ट्रपति, भारतीय प्रशासनिक सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1954 के नियम 3-क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के तमिलनाडु संवर्ग के श्री अभिलक्ष एस. लिखी को दिनांक 14-9-93 से भारतीय प्रशासनिक सेवा में स्थायी करते हैं ।

एम. एन. विश्वाशंकर, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. 14015/15/93-अ.भा.से. (1)—भारतीय प्रशासनिक सेवा (पदोन्नति द्वारा नियुक्ति) विनियम, 1955 के विनियम 9 के उप नियम (1) के साथ पठित भारतीय प्रशासनिक सेवा (भर्ती) नियम, 1954 के नियम 8 के उप नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, राजस्थान राज्य सिविल सेवा के सदस्य श्री मूल चन्द आर्य को भारतीय प्रशासनिक सेवा में परिवीक्षा पर नियुक्त करते हैं और उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (संवर्ग) नियम, 1954 के नियम 5 के उप नियम (1) के अधीन राजस्थान के संवर्ग में आवंटित करते हैं ।

2. स्थापित श्री मूल चन्द आर्य की भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति उच्च न्यायालय, जयपुर बैंच में आर. सी. जैन तथा दूसरे डब्ल्यू.पी. संख्या 5297/93 के निर्णय के अध्यधीन है ।

आर. वेंकटाचलम, डेस्क अधिकारी

विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 11 अगस्त 1994

सं. 21/पी.बी./94—भारतीय विदेश सेवा (ख) के आशुलिपिक ग्रेड-1 के अधिकारी, श्री जे. एस. डाग का स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए अनुरोध स्वीकृत होने के परिणामतः वे मूल नियम 56ट के प्रावधानों के तहत 17 अगस्त, 1994 के अपराह्न से सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए हैं ।

श्री चन्द, प्रशासनिक अधिकारी (पीबी)

वित्त मंत्रालय

राजस्व विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 28 सितम्बर 1994

फा. सं. ए. 12025/1/91-सी.एम. (भाग-1)—राष्ट्रपति जी, श्री प्रबीर मंडल को 2200-75-2800-द. रो-100-4000 रु. के वेतनमान में 29 अप्रैल, 1994 (पूर्वाह्न) से अगले आदेश जारी होने तक सरकारी अफीम और अल्कलायड वर्क्स, नीमच में पारी रसायनज्ञ (रसायन इंजीनियर) के पद पर नियुक्त करते हैं ।

एस. कुमार, अवर सचिव

फा. सं. ए. 12025/4/92-सी.एम.—राष्ट्रपति जी, श्री सतेन्द्र पाल सिंह को 2200-75-2800-द. रो. 100-4000 रुपये के वेतनमान में 29 अप्रैल, 1994 (अपराह्न) से अगले आदेश जारी होने तक सरकारी अफीम और अल्कलायड वर्क्स, नीमच में पारी रसायनज्ञ (रसायन इन्जीनियर) के पद पर नियुक्त करते हैं ।

एस. कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 21 सितम्बर 1994

सं. 68 (फा. सं. ए. 19013/10/94-प्रशा. 1)—राष्ट्रपति, भारतीय सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क सेवा के अधिकारी श्री बी. के. भटनागर को दिनांक 12 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक राजस्व विभाग को केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड में तकनीकी अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

रमेश कुमार, अवर सचिव

दिनांक 4 अक्तूबर 1994

सं. 71 : (फा. सं. ए. 19014/2/83-प्रशा. 1)—केन्द्रीय सचिवालय सेवा संवर्ग के अधिकारी श्री मोहन सिंह, जो राजस्व विभाग में डेस्क अधिकारी के पद पर तैनात थे, दिनांक 30-9-94 (अपराह्न) को अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त हो गए हैं ।

रमेश कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 23 सितम्बर 1994

आयकर संस्थापन

सं. 2—निम्नलिखित उप आयकर आयुक्तों को उनके नामों के सामने उल्लिखित तारीख (तारीखों) से 4500-150-5700 रु. के वेतनमान में प्रवरण ग्रेड (गैर कार्याचालनात्मक) में एतद्द्वारा रखा जाता है :—

क्र. सं., नाम व तारीख

सर्वश्री

1. राजकुमार सिंह—4-10-1993
2. एम के. बन्धोपाध्याय—5-12-91
3. बी. के. गुप्ता—1-4-90
4. श्याम लाल—25-2-93
5. सोहन लाल (अब आ. आ.) (ए) (जालंधर)—4-10-93
6. एम जे. मोहन—4-10-93
7. जी. एस. सन्धू—4-10-93
8. एन. सी. मोहन्ती—1-12-93

सर्वश्री

9. पंकज गुप्ता—1-2-94
10. श्रीमती जे. रामचन्द्रन—1-2-94
11. एस. एस. बाजपेयी—1-2-94
12. के. के. महापात्र—1-2-94
13. ओ. पी. अग्रवाल—1-2-94
14. विजय शर्मा—1-2-94
15. एल. एस. पंवार—1-2-94
16. वी. एस. वर्मा—1-2-94
17. तरसेम लाल—1-2-94
18. डी. एस. रे—1-2-94
19. एस. सुब्रह्मण्यन—1-2-94
20. टी. गोरखनाथन्—1-2-94
21. डी. बी. पासी—1-2-94
22. सतपाल—1-2-94
23. जान तिरकी—1-2-94
24. जे. आर. शर्मा—1-2-94
25. जसवन्त सिंह—1-2-94
26. वी. के. मंगोत्रा—1-2-94
27. पी. के. षडंगी—1-2-94
28. डी. के. सिंह—1-2-94
29 जे. सी. मिश्रा—1-2-94
30. ए. आर. रेड्डी—1-2-94
31 डी. रवीन्द्रन—1-2-94
32 ए. एच. के. गौरी—1-2-94
33. एम. एन. दीक्षित—1-2-94
34. ए. एन. पाहूजा—1-2-94
35. एस चैलप्पन—1-2-94
36. जी. एस. कुरुप—1-2-94
37 एस. प्रधान—1-2-94
38. एस जेड. महमद—1-2-94
39. के. वी. चौधरी—1-2-94
40 श्रीमती अनीता कपूर—1-2-94
41. राकेश कपूर—1-2-94
42. जी. राजेश्वर राव—1-2-94
43 अरुण कुमार जैन—1-2-94
44. श्रीमती बुलबुल सेन—1-2-94
45. एम. के. मिराणी—1-2-94
46. के. ए. गोपीनाथन—1-2-94
47. डी. सी. पन्त—1-2-94
48. एम. के. शुक्ला—1-2-94

सर्वश्री

49 जी. एस. रघावा—1-2-94
50 एस. के. सेन—1-2-94
51 पी. के. रे—1-2-94
52. एम. एम. ए. चौधरी—1-2-94
53 ए. के. जैन—1-2-94
54. बी. एल. राजदान—1-2-94
55. श्रीमती सी. जगन्नाथ—1-2-94
56 सुश्री चित्रा श्रीनिवासन—1-2-94
57. ए. एल. के. वी. चन्द—1-2-94
58. श्रीमती दीपा कृष्ण—1-2-94
59. डी. डी. पाण्डेय—1-2-94
60. ए. नारायणन—1-2-94
61. श्रीमती पोमेला बालीप्रसाद—1-2-94
62. ए. के. गौतम—1-2-94
63. जी. आर. शोफी—1-2-94
64. श्रीमती सुजाता पन्त—1-2-94
65. एम. एम. रेड्डी—1-2-94
66. पी. के. शाह—1-2-94
67 के. एस. पठानिया—1-2-94
68. आर. के. राय—1-2-94
69. आर. के. राय—1-2-94
70. गीता राम—1-2-94
71. महिन्दर सिंह—1-2-94
72. एल. आर. नैय्यर—1-2-94
73. एस. राजवंशी—1-2-94
74. वी. बालसुब्रह्मण्यन—1-2-94
75 परन लाल—1-2-94
76. दलबीर सिंह—1-2-94
77. मानिक चन्द—1-2-94

वी. के. अरोड़ा, अवर सचिव

आर्थिक कार्य विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 1 जुलाई 1994

सं. ए. 19011/8/94-प्रशासन-2—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी कुमारी आशा को 28 जून, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में पर्णतः तदर्थ आधार पर स्थानापन्न अवर सचिव नियुक्त करते हैं ।

2. उपर्युक्त नियुक्ति केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-1 की पदोन्नति चयन सूची की तैयारी के अधीन है। कुमारी आशा अपनी तदर्थ नियुक्ति के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-1 के लिए कोई दावा नहीं कर सकेंगी। केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड-1 की चयन सूची में जब कभी भी उनका नाम शामिल किया जाएगा, इस तदर्थ पदोन्नति का वरीयता इत्यादि के दावे के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा।

3. कु. आशा की अवर सचिव के रूप में तदर्थ पदोन्नति अन्तिम मानी जाएगी तथा केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की प्रमुख पीठ के समक्ष लम्बित ओ. ए. सं. 996/93-अमृत लाल एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य के फैसले के अधीन होगी।

सुधीर कुमार वर्मा, अवर सचिव

दिनांक 4 जुलाई 1994

सं. ए. 19011/1/93-प्रशासा-2—राष्ट्रपति, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में अवर सचिव श्री पी. के. चौबे आई.सी.ए.एस. (84) को 28 जून, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक इसी विभाग में, उप-सचिव नियुक्त करते हैं।

सुधीर कुमार वर्मा, अवर सचिव

दिनांक 20 जुलाई 1994

सं. ए. 19011/9/94-प्रशा. 2—राष्ट्रपति, श्री परमजीत सिंह, आई.ए.एस. (तमिलनाडु : 86) को दिनांक 20 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में अवर सचिव नियुक्त करते हैं।

सुधीर कुमार वर्मा, अवर सचिव

दिनांक 25 जुलाई 1994

सं. ए. 12011/6/87-प्रशा.-2—राष्ट्रपति, वित्त मंत्रालय के स्थायी अनुभाग अधिकारी श्री पी. स्वामिनाथन को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में तदर्थ आधार पर वरिष्ठ विश्लेषक (आंतरिक कार्य अध्ययन एकक) के रूप में नियुक्ति की 19 जुलाई, 1994 (पूर्वाह्न) से 6 माह की एक और अवधि के लिए अथवा पद के नियमित आधार पर भरे जाने तक, इनमें से जो भी पहले हो, आगे बढ़ाते हैं।

सुधीर कुमार वर्मा, अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 8 सितम्बर 1994

सं० ए० 22011/5/94-प्रशा०-2—भारतीय आर्थिक सेवा के निम्नलिखित पंभरक पदधारियों को, आई० ई० एस० अनुभाग के दिनांक 20-6-94 तथा 27-7-94 के आदेश सं० 13011/2/91-आई० ई० एस० के द्वारा भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-4 में पदोन्नत किया है। राष्ट्रपति नीचे वर्णित अधिकारियों को प्रत्येक के नाम के सामने दी गयी तारीख एवं अवधि से एक वर्ष की अवधि के लिए वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में तदर्थ आधार पर अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	नाम	से	तक	अभियुक्तियां
1.	श्री पी० एस० मीना	--	11-12-94	वे अनुसंधान अधिकारी के पद पर तदर्थ आधार पर 12-12-93 से कार्यरत हैं।
2.	श्री बी० एस० वर्मा	--	31-3-95	अनुसंधान अधिकारी के पद पर तदर्थ आधार पर 31-3-94 से कार्यरत हैं।
3.	श्री ए० एस० जनारिया	20-6-94	19-6-95	--
4.	श्री पी० के० बसु	5-9-94	4-9-95	--

आर० एस० यादव, अवर सचिव

दिनांक 21 सितम्बर 1994

सं. ए. 22011/5/94-प्रशा. 2—राष्ट्रपति, भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-3 अधिकारी सुश्री सुमन कौशिक को 12 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी नियुक्त करते हैं।

रामेश्वर सिंह यादव, अवर सचिव

दिनांक 22 सितम्बर 1994

सं. ए. 22011/5/94-प्रशा. 2—राष्ट्रपति, भारतीय आर्थिक सेवा के ग्रेड-3 अधिकारी श्री एस. एस. साहू को 14 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में उप निदेशक नियुक्त करते हैं।

रामेश्वर सिंह यादव, अवर सचिव

दिनांक 26 सितम्बर 1994

शुद्धिपत्र

सं. ए. 19019/जी-303/90-प्रशा.-1—इस विभाग में लेखा अधिकारी श्री एस. जम्बूनाथन को वेतनमान इस विभाग की दिनांक 16-9-1994 की समसंख्यक अधिसूचना में प्रकाशित "3000-100-3500-125-4500/- रुपए" के स्थान पर "2375-75-3200-द. रो.-100-3500/- रुपए" पढ़ा जाए ।

रामेश्वर सिंह यादव, अवर सचिव

दिनांक 27 सितम्बर 1994

सं. ए. 48011/9/90-प्रशा. 2—राष्ट्रपति, निम्नलिखित आर्थिक अन्वेषकों को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में 16 सितम्बर, 1994 के पूर्वाह्न से अगले आदेश तक 6 मास की अवधि के लिए तदर्थ आधार पर आर्थिक अधिकारी नियुक्त करते हैं :—

1. सश्री मीनाक्षी सक्सेना
2. श्री डी. एन. साहा
3. श्री बत्त लाल मीना

रामेश्वर सिंह यादव, अवर सचिव

सं. ए.12011/21/92-प्रशा.2—इस विभाग की दिनांक 31 अगस्त, 1994 की समसंख्यक अधिसूचना के क्रम में राष्ट्रपति, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में डा. राजीव कुमार की आर्थिक सलाहकार के रूप में नियुक्ति की अवधि को संनिदा आधार पर 1 सितम्बर, 1994 से पद के नियमित आधार पर भरे जाने तक की एक और अवधि के लिए विद्यमान शर्तों पर आगे बढ़ाते हैं ।

रामेश्वर सिंह यादव, अवर सचिव

दिनांक 29 सितम्बर 1994

सं. ए. 19012/3/89-प्रशा. 2—राष्ट्रपति, डा. तरुण कान्ति दास को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में, 14 मार्च, 1991 से, मूल हैसियत से आर्थिक सलाहकार नियुक्त करते हैं ।

रामेश्वर सिंह यादव, अवर सचिव

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 8 अगस्त 1994

सं 18(12)/93-समन्वय—राष्ट्रपति, निधि विभाग, सचिवालय, मद्रास-9 के अवर सचिव श्री ई. संकरन को, ऋण वसूली अधिकरण, मद्रास के कार्यालय में 3 जन. 1994 से 3000-100-3500-125-4500 रु के वेतनमान में प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए, प्रतिनियुक्ति के आधार पर, वसूली अधिकारी के रूप में सहर्ष नियुक्त करते हैं ।

एस. के. बत्तरा, अवर सचिव

(व्यय विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक सितम्बर 1994

सं. ए. 11019/1/94-ई.जी.—राष्ट्रपति, भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के श्री (बेवूर) माण्ड्या परमेश्वरय्या शैलेन्द्रसागर को 24-8-94 (पूर्वाह्न) से अगले आदेशों तक 3000-100-3500-125-4500/- रु. के वेतनमान में महालेखाकार (ए. एण्ड डी.) कार्नाटक के कार्यालय, बंगलौर में लेखापरीक्षा अधिकारी नियुक्त करते हैं ।

अनुराधा प्रसाद, अवर सचिव

पांचवां केन्द्रीय वेतन आयोग

नई दिल्ली-11, दिनांक 4 नवम्बर 1994

सं. 24/94—राष्ट्रपति, श्री देवेन्द्र मोहन गौतम, अखिल भारतीय रेलवे सेवा (आई.आर.ए.एस.) को पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग में 4500—5700 रुपए के वेतनमान में दिनांक 21-9-94 (पूर्वाह्न) से और अगला आदेश होने तक निदेशक नियुक्त करते हैं।

के. डी. उपेती, अवर सचिव

सं. 23/94—राष्ट्रपति, रक्षा मंत्रालय, उपाध्यक्ष, सेना कर्मचारी (प्रशिक्षण एवं समन्वय) को दिल्ली सचिव श्री ई. आर. एडवर्डनाथ को पांचवें केन्द्रीय वेतन आयोग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर दिनांक 20 सितम्बर, 1994 (पूर्वाह्न) से और अगला आदेश होने तक दिल्ली सचिव नियुक्त करते हैं।

के. डी. उपेती, अवर सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 16 सितम्बर 1994

सं. 35/1994 : (ए-42011/32/93-स्था. 1)—नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, नई दिल्ली से उनके स्थानान्तरण के बाद के.स.से. संवर्ग के अधिकारी श्री ए. के. खन्ना, को राष्ट्रपति 1 अगस्त, 1994 से पूर्वाह्न से वाणिज्य मंत्रालय में अनुभाग अधिकारी नियुक्त करते हैं।

2. श्री खन्ना 1-8-94 (पूर्वाह्न) से अगामी आदेश तक को-टर्मिनस प्रतिनियुक्ति पर राज्य मंत्री (नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण तथा वाणिज्य) के अपर निजी सचिव के पद पर बने रहेंगे।

दिनोद रत्नी, अवर सचिव

(स्था.-2 अनुभाग)

दिनांक 26 सितम्बर 1994

सं. ए.12022/9/93-स्था.2—राष्ट्रपति, इस मंत्रालय, के के. स. आ. मे. संवर्ग के दिल्ली सचिव श्री पी. डी. होंगरा को 1992 की चयनित सूची में 3000—4500 रु. के वेतनमान में, 16 सितम्बर, 1994 से आगामी आदेश तक मुख्य दिल्ली सचिव नियुक्त करते हैं।

2. नियमित नियुक्तियां, केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायालय, नई दिल्ली के सामने श्री एम. बी. बी. शास्त्री बनाम यू. ओ. आई. (ओ. ए. सं. 765/89) तथा श्री आर. पद्मनाभन बनाम यू. ओ. आई. (ओ. ए. सं. 1205/89) के मुकदमों के अंतिम निर्णय के अधीन होंगी।

विनोद रत्ती, अवर सचिव

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

(उर्वरक विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 6 जुलाई 1994

सं. ए-32011/2/93-स्थापना-1—राष्ट्रपति, केन्द्रीय सचिवालय सेवा के नियमित सहायक श्री ए. आर. लुहेरा को उर्वरक विभाग और रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग के संयुक्त कैडर में जो इस समय रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग में डैस्क अटैचो के रूप में कार्यरत हैं, रु. 2000—3500 के वेतनमान में दिनांक 29-6-94 (अपराह्न) से 6 माह की अवधि के लिए अथवा नियमित अधिकारी के उपलब्ध होने तक, जो भी पहले हो अथवा सूचना आदि दिए तदर्थ नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार कारी नियुक्त करते हैं।

2. यह प्रोन्नति पूर्णतः तदर्थ आधार पर की जा रही है और नियमित होने के लिए तथा वरिष्ठता और अनुभाग अधिकारी ग्रेड में प्रोन्नति तथा स्थाईकरण के लिए पात्रता के लाभ के दावे के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी।

3. सरकार सम्बन्ध अधिकारी को बिना कोई कारण बताए अथवा सूचना आदि दिए तदर्थ नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

अकील अहमद, अवर सचिव

दिनांक 19 जुलाई 1994

सं० ए-32011/1/92-स्थापना-1 राष्ट्रपति, उर्वरक विभाग और रसायन एवं पेट्रो रसायन विभाग के संयुक्त कैडर के केन्द्रीय सचिवालय सेवा के निम्नलिखित स्थाई सहायकों को रु० 2000-3500 के वेतनमान में पूर्णतः तदर्थ आधार पर प्रत्येक के समक्ष दर्शायी गई अगली अवधि के लिए अथवा नियमित पदधारी के उपलब्ध होने तक जो भी पहले हो, अनुभाग अधिकारी के रूप में नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	नाम	अवधि		विभाग जहां कार्यरत हैं
		से	तक	
1.	श्री एम० आर० दास	04-06-94	30-06-94	उर्वरक विभाग
2.	श्री बी० के० कुमार	04-06-94	30-06-94	रसायन एवं पैट्रो रसायन विभाग

2. ये नियुक्तियां पूर्णतः आकस्मिक और स्थानीय तदर्थ व्यवस्थाएं हैं और प्रोन्नति प्राप्तकर्त्ता को अनुभाग अधिकारी ग्रेड में नियमित नियुक्ति के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करेगी और की गई तदर्थ सेवा उस ग्रेड में वरिष्ठता तथा स्थाईकरण और प्रोन्नति की पात्रता के लिए नहीं शामिल की जाएगी।

3. बिना कोई कारण बताये ये नियुक्ति यां समाप्त की जा सकती हैं।

अकील अहमद, अवर सचिव

दिनांक 20 जुलाई 1994

सं. ए-12011/17/94-स्थापना-1—राष्ट्रपति, श्री एच. सी. शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (जहाजरानी) को दिनांक 11-7-94 (पूर्वाह्न) से रु. 2200-75-2800-द. रो.-100-4000 के वेतनमान में 6 माह की अवधि के लिए अथवा नियमित पदधारी के आने तक, अथवा आगामी आदेशों तक, इनमें जो भी पहले हो, तदर्थ आधार पर सहायक निदेशक (जहाजरानी) के पद पर नियुक्त करते हैं।

अकील अहमद, अवर सचिव

दिनांक 26 जुलाई 1994

सं. ए-12011/8/93-स्था.—इस विभाग की दिनांक 13-1-94 की समसंख्यक पूर्व अधिसूचना के क्रम में, सहायक निदेशक (संचलन) श्री के. सी. सक्सेना को रु. 3000—4500 के वेतनमान में सहायक आयुक्त (संचलन) के पद पर तदर्थ नियुक्ति की अवधि को, 10-7-94 के पूर्वाह्न के अवरोध के साथ, 10-7-94 से आगे 6 माह की अवधि के लिए अथवा नियमित पदधारी के आने तक, इनमें जो भी पहले हो, बढ़ाया जाता है।

अकील अहमद, अवर सचिव

दिनांक 28 जुलाई 1994

सं. ए-19011/6/89-स्थापना-1—वार्धक्य की आयु प्राप्त करने के पश्चात श्री आई. बी. एस. बावा, उप निदेशक (लेखा) दिनांक 31-7-94 (अपराह्न) से सरकारी सेवा में सेवा-निवृत्त माने जाएंगे।

अकील अहमद, अवर सचिव

दिनांक 4 अगस्त 1994

सं. ए.-12011/1/94-स्था.—राष्ट्रपति इस विभाग के लेखाकार श्री राम सरूप को रु. 2000–3500 के वेतनमान में पदोन्नति आधार पर दिनांक 29-7-94 (पूर्वा.) से सहायक निदेशक लेखा के पद पर नियुक्त करते हैं ।

2. श्री राम सरूप से अनुरोध है कि वे इस अधिसूचना के जारी होने के एक माह के अन्दर नियमों के अधीन वेतन निर्धारण के लिए अपना विकल्प दें ।

अकील अहमद, अवर सचिव

उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 सितम्बर 1994

सं. ए.-19012/841/91-ब.-1—राष्ट्रपति, उद्योग मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) में तदर्थ आधार पर स्थानापन्न अनुभाग अधिकारी श्री डी. एस. सुमन को अधिवार्षिकी आयु प्राप्त कर लेने पर दिनांक 30-9-94 के अपराह्न से सरकारी सेवा से मुक्त होने की अनुमति प्रदान करते हैं ।

एन. गणपति, अवर सचिव

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और

सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 28 सितम्बर 1994

मिसिल सं. ए-12011/5/94-प्रशा.-2—नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में भारत सरकार के सचिव इसके द्वारा उक्त मंत्रालय में वरिष्ठ अन्वेषक श्री अशोक कुमार को 20-9-94 के पूर्वाह्न से 2000-60-2300-द. रो.-75-3200-100-3500 रुपए के वेतनमान में अनुसंधान अधिकारी (समूह "ख" राजपत्रित) के रूप में नियुक्त करते हैं ।

आर. के. सिंह, अवर सचिव

पर्यावरण और वन मंत्रालय

नई दिल्ली-110003, दिनांक 9 सितम्बर 1994

सं. ए-19011/08/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति, श्रीमती अर्चना शर्मा, भा. व. से. (एच. पी.) को 4 जुलाई, 1994 के अपराह्न से अगले आदेश तक, राज्य वन सेवा कालिज, देहरादून में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए.-19011/7/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति श्री वी. एन. पाण्डेय, भा. व. से. (एम. पी. : 1982) को 17 जून, 1994 के पूर्वाह्न से, अगले आदेश तक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए-19011/5/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति, श्रीमती रंजना गुप्ता, भा. व. से. (ए. एम. : 1986) को 4 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से, अगले आदेश तक, भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून में उप निदेशक के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए-19011/5/78-आई. एफ. एस.-1—अधिवर्षिता की आयु होने पर श्री जोसेफ एफ. रंगल, आई. एफ. एस. (ए. जी. एम. यू. टी.), वन संरक्षक (केन्द्रीय) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण और वन मंत्रालय, बंगलौर सरकारी सेवा से 28-2-1995 (अपराह्न) को सेवानिवृत्त हो जाएंगे ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए-19011/10/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति, श्री सुरिन्दर कुमार, भा. व. से. (एच. पी.) को 4 जुलाई, 1994 के अपराह्न से, अगले आदेश तक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए-19011/11/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति, श्री जरनैल सिंह, भा. व. से. (एम. एच. : 1983) को 1 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से, अगले आदेश तक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए-19011/6/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति, श्री ए. के. जौहरी, भा. व. से. (ए. एम. : 1985) को 4 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से, अगले आदेश तक, राज्य वन सेवा कालिज, देहरादून में प्राध्यापक के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

दिनांक 12 सितम्बर 1994

सं. 31013/1/93-भा. व. से.-1—भारतीय वन सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1968 के नियम-4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, श्री ईश्वर सिंह भा. व. से. (ए. जी. एम. यू. टी. : 88) को 4 जुलाई, 1991 से स्थाई करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. 31013/1/93-भा. व. से.-1—भारतीय वन सेवा (परिवीक्षा) नियमावली, 1968 के नियम-4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति, श्री पंकज अस्थाना को 4 जुलाई, 1991 से भारतीय वन सेवा (ए. जी. एम. यू. टी. : 1988) में स्थाई करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. ए-19011/9/94-आई. एफ. एस.-1—राष्ट्रपति, श्रीमती गोपा पाण्डेय, भा. व. से. (एम. पी. : 1982) को 24 जून, 1994 के पूर्वाह्न से, अगले आदेश तक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. 19011/19/93-आई. एफ. एस.-1—राज्य वन सेवा महाविद्यालय, देहरादून से उनका स्थानांतरण होने के फलस्वरूप श्री पी. सी. त्यागी, भा. व. से. (तमिलनाडु), प्राध्यापक, राज्य वन सेवा महाविद्यालय, देहरादून ने 19 जुलाई, 1994 को पूर्वाह्न से अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

2. राष्ट्रपति, श्री पी. सी. त्यागी, भा. व. से. (तमिलनाडु : 1983) को 19 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से, राज्य वन सेवा महाविद्यालय, देहरादून में प्राध्यापक के पद पर उनकी नियुक्ति की तारीख अर्थात् 19-8-1993 के पूर्वाह्न से और चार वर्ष की अवधि के लिए वरिष्ठ वेतनमान तथा 400/- रुपए के विशेष वेतन या 15% प्रशिक्षण भत्ते के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

सं. 19011/21/93-आई. एफ. एस.-1—भारतीय वन सर्वेक्षण से उनका स्थानांतरण होने के फलस्वरूप श्री बी. एल. चौधरी भा. व. से. (बिहार) उप-निदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून ने 4 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से अपने पद का कार्यभार छोड़ दिया है ।

2. राष्ट्रपति श्री बी. एल. चौधरी, भा. व. से. (बिहार) को 5 जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से, उप-निदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण, देहरादून में प्राध्यापक के पद पर उनकी नियुक्ति की तारीख अर्थात् 18-10-93 के पूर्वाह्न से चार वर्ष की अवधि के लिए वरिष्ठ वेतनमान तथा 400/- रुपए के विशेष वेतन या 15% प्रतिशत भत्ते के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्त करते हैं ।

ए. के. गोयल, उप सचिव

नई दिल्ली-110003, दिनांक 2 सितम्बर 1994

सं. ए-19011/9/90-पी-2—श्री र. राजामणि, भा. प्र. से. (आन्ध्र प्रदेश : 59) सचिव, पर्यावरण और वन मंत्रालय, अधिवर्षिता की आयु होने पर दिनांक 31 अगस्त, 1994 के अपराह्न से सरकारी सेवा से निवृत्त हो गए हैं ।

सतीश कुमार, अवर सचिव

दिनांक 27 सितम्बर 1994

सं. ए-30011/1/93-पी-1—राष्ट्रपति, लचीली सम्पूरक स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित अधिकारियों को 30-8-1994 से तथा अगले आदेशों तक पर्यावरण और वन मंत्रालय में 4500-5700/- रुपए के वेतनमान में वैज्ञानिक 'एस एफ' के पद पर नियुक्त करते हैं :

1. डा. के. पी. एस. चौहान
2. डा. एस. भौमिक
3. डा. (श्रीमती) नलिनी भट्ट
4. डा. हुसैन अहमद
5. डा. (श्रीमती) इन्द्राणी चन्द्रशेखरन
6. डा. एन. होसाबेट्टू
7. डा. आई. के. कम्बोज

2. इन वैज्ञानिकों द्वारा रिक्त हुए 3700-5000/- रुपए के वेतनमान के वैज्ञानिक 'एस.ई.' के निचले पद 30-8-1994 से समाप्त हो जाएंगे ।

सतीश कुमार, अवर सचिव

नई दिल्ली-110003, दिनांक सितम्बर 1994

सं. 4-3/92-एफ ई—राष्ट्रपति, श्री डी. पी. बंखवाल, भारतीय वन सेवा, उप-वन संरक्षक, वन विभाग, असम सरकार को प्रथम जुलाई, 1994 के पूर्वाह्न से एक वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश होने तक, जो भी पहले हो, 3000-4500/- रुपए के वेतनमान में राष्ट्रीय प्राणि उद्यान, नई दिल्ली में तदर्थ प्रतिनियुक्ति आधार पर संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त करते हैं ।

एम. एन. कालड़ा, अवर सचिव

दिनांक 26 सितम्बर 1994

सं. 2-8/93-एफ ई—राष्ट्रपति, लचीली सम्पूरक स्कीम के अंतर्गत डा. के. एस. अय्यर को दिनांक 27 मई, 1994 से तथा अगले आदेश होने तक भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून में प्रोन्नति पर वैज्ञानिक "एस एफ" (वेतनमान 4500-5700 रुपए) के पद पर नियुक्त करते हैं । डा. अय्यर द्वारा रिक्त हुआ वैज्ञानिक "एस ई" का निचला पद (वेतनमान 3700-5000 रुपए) समाप्त कर दिया जाएगा ।

एम. एन. कालड़ा, अवर सचिव

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग)

नई दिल्ली-110016, दिनांक 26 सितम्बर 1994

सं. ए. 19015/1/94-प्रशा. 1 (ए)—विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की दिनांक 9-9-94 की समसंख्यक अधिसूचना के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिक विभाग में श्री विजय कुमार, अनुभाग अधिकारी को 3000-100-3500-125-4500 रुपये के वेतनमान में तदर्थ आधार पर अवर सचिव के पद पर 8-9-94 (अपराह्न) अथवा आगामी आदेशों तक नियुक्ति की गई ।

श्री विजय कुमार की, अवर सचिव (तदर्थ) के रूप में नियुक्ति के अन्य नियम व शर्तें वे ही रहेंगे जैसा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की दिनांक 9-9-94 की समसंख्यक अधिसूचना में उल्लिखित है ।

रा. प्र. सिंह, अवर सचिव

सं. ए. 19015/2/94-प्रशा. 1 (ए)—विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की दिनांक 13-7-94 की समसंख्यक अधिसूचना के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में श्री ए. के. बिस्वास, अनुभाग अधिकारी की 3000-100-3500-125-4500 रुपये के वेतनमान में तदर्थ आधार पर अवर सचिव के पद पर 11-9-94 (पूर्वाह्न) अथवा आगामी आदेशों तक नियुक्ति की गई ।

श्री ए. के. बिस्वास की, अवर सचिव (तदर्थ) के रूप में नियुक्ति के अन्य नियम व शर्तें वे ही रहेंगे जैसा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की दिनांक 13-7-94 की समसंख्यक अधिसूचना में उल्लिखित है ।

रा. प्र. सिंह, अवर सचिव

दिनांक 28 सितम्बर 1994

सं. 19012/1/89-प्रशा. 1 (ए)—इस विभाग की दिनांक 14-9-94 की समसंख्यक अधिसूचना के आंशिक संशोधन में श्री एस. घोष की विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में केन्द्रीय प्रतिनियुक्त का कार्यकाल 31 अगस्त, 1994 से आगामी छः माह की अवधि के लिए बढ़ाया जाता है ।

रा. प्र. सिंह, अवर सचिव

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 23 सितम्बर 1994

